# राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट, 2022

## चर्चा में क्यों?

12 मई, 2022 को राजस्थान पर्यटन विभाग और फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज़्म ऑफ राजस्थान के संयुक्त तत्त्वावधान में राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट, 2022 के आयोजन के तहत जयपुर से रोड शो की शुरुआत की गई।

## प्रमुख बिंदु

- राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट (आरडीटीएम) पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश में अपार संभावनाओं को प्रदर्शित करने के लिये बिजनेस-टू-बिजनेस बैठकों की सुविधा को एक मंच प्रदान करने की अनूठी पहल है।
- उल्लेखनीय है कि 6 अप्रैल, 2022 को पर्यटन विभाग और फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज़्म राजस्थान के बीच राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट के आयोजन के लिये एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए।
- आरडीटीएम को बढ़ावा देने के लिये पर्यटन विभाग द्वारा कई नवाचारों, जैसे- राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति, 2022 गेस्ट हाउस स्कीम, संशोधित होमस्टे (पीजी) स्कीम सहित रोड शो का आयोजन किया जा रहा है।
- पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि पर्यटन विभाग और फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज़्म राजस्थान के संयुक्त तत्त्वावधान में 22-24 जुलाई, 2022 को जयपुर में आरडीटीएम के दूसरे संस्करण का आयोजन होगा।
- इस आयोजन से पहले होटल व्यवसायियों, ट्रेवल एजेंटों और टूर ऑपरेटरों को आमंत्रित करने के लिये विभिन्न शहरों में रोड शो किये जाएंगे। इन रोड शो का उद्देश्य राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अनुकूल पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देना है।
- ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन और व्यापार संघों से समर्थन से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (एचआरएआर), इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए) और राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेशंस (आरएटीओ) भी शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-domestic-travel-mart-2022